तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 7 मार्च 2025



लंबित शिकायतों को जल्द से जल्द निपटाएं 10



रोडवेज के निजीकरण को रोकें 10

## खबर संक्षेप

### युवक से 1.31 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने युवक को इंस्टाग्राम पर लाखों के फॉलोवर और स्टोरी व्यूज बढ़ाने का झांसा देकर 1.31 लाख ठगने पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। अमरावली खेड़ा निवासी अंकित ने शिकायत में बताया कि 14 को इंस्टाग्राम पर मैसेज आया और इसमें इंस्टाग्राम फालोवर व स्टोरी व्यूज बढ़ाने की बात कही गई।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की जान गई

**कैथल।** कुरुक्षेत्र-नरवाना रेल मार्ग पर वीरवार को ग्योंग गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। ऐसे में राजकीय रेलवे पुलिस ने बुजुर्ग के शव को पोस्टमॉर्टम व पहचान के लिए जिला नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। जबकि इस घटना के बाद राजकीय रेलवे पुलिस के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

### रजबाहे में मिला वृद्ध का शव, नही हुई शिनाख्त

**जींद।** वीटा प्लांट के निकट रजबाहे में व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। इसके अलावा मेडिकल बोर्ड की तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है, जो शव का पोस्टमार्टम करेगी।

### मकान की सील तोड़ने के आरोप में केस दर्ज

**कैथल।** बैंक द्वारा सील किए गए मकान की सील तोड़ने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बैंक अधिकारी मनदीप शर्मा ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि बैंक द्वारा गांव बाता के नरेंद्र सिंह के मकान को सील किया गया था। आरोप है कि 14 फरवरी को आरोपी द्वारा बैंक द्वारा लगाई गई सील को तोड़ते हुए मकान में प्रवेश कर लिया।

### ताला तोड़कर 80 हजार की नकदी चुराई, केस

**जींद।** रेलवे कॉलोनी में एक मकान का ताला तोड़कर चोरों ने 80 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रेलवे कॉलोनी निवासी महिला रचना कुमारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चार मार्च दोपहर बाद वह मकान को ताला लगाकर बेटे को ट्यूशन छोड़ने के लिए गई थी।

### रास्ता रोककर की मारपीट, केस दर्ज

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने का आरोप का केस दर्ज किया है। राजथल की निर्मला ने राजोद पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 26 फरवरी को जब परिवार के सदस्यों के साथ गाड़ी में सवार होकर गांव कसान से गुजर रहे थे तो गांव के ही महावीर व अन्य मिलकर रास्ता रोकते हुए उनकी गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया।

### युवक के साथ मारपीट करने पर नामजद

**जींद।** सफीदों की तारावती कॉलोनी में युवक के साथ मारपीट करने और धमकी देने पर पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद किया है। तारावती कॉलोनी निवासी आदित्य ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन मार्च शाम को वह घर के बाहर था। इस दौरान आरोपी सुनील कुमार ने उसके साथ मारपीट की।

### युवती बगैर बताए घर से लापता, केस

**कैथल।** चीका पुलिस ने एक युवती के बिना बताए घर से चले जाने का मामला दर्ज किया है। चीका थाना के तहत आने वाले एक व्यक्ति ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 3 मार्च को गांव डंडौता से उसकी 20 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई। उसने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन पता नहीं चला।

---

### बैठक की अध्यक्षता चेयरपर्सन डा. अनुराधा ने की जबकि विस के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा मौजूद रहे

# जींद नगर परिषद के 114 करोड़ रुपये के बजट को केवल 40 मिनट की बैठक में पारित किया

### 50 करोड़ की प्रॉपर्टी खरीदने के बजट के बावजूद नगर परिषद ने नहीं किया एक रुपया भी खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद नगर परिषद में गुरुवार को वर्ष 2025-26 के लिए एक करोड़ 47 लाख रुपये मुनाफे का बजट प्रस्तुत किया है। बजट बैठक में नगर परिषद के 114 करोड रुपये के बजट को 40 मिनट की बैठक में पारित कर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने की जबकि मुख्य रूप से हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा, जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक, नगर परिषद के सभी पार्षद और अधिकारी मौजूद थे। नगर परिषद द्वारा प्रस्तुत बजट में 2025-26 के लिए 114 करोड़ 33 लाख 84 हजार 767 रुपये की आमदनी का प्रस्ताव किया गया है। जबकि इस दौरान नगर परिषद ने कुल मिला कर 112 करोड़ 86 लाख 93 हजार 408 रुपये खर्च करने का प्रस्ताव रखा है। नगर परिषद ने मुख्य रूप से 32 करोड रुपये से ज्यादा की राशि अपनी प्रॉपर्टी की बिक्री से जुटाने का प्रस्ताव रखा है। बीते साल बजट बैठक में 50 करोड रुपये की राशि इस मद में जुटाने का प्रस्ताव रखा गया था लेकिन नगर परिषद केवल एक लाख 87 हजार 114 रुपये ही इस मद में जुटा पाई। कुछ ऐसा ही हाल किराये का भी है। बीते साल नगर परिषद ने एक करोड़ 86 लाख 88 हजार रुपये किराये से जुटाने का प्रस्ताव रखा था लेकिन नगर परिषद इस एक साल में केवल 78 लाख रुपये जुटा पाई लेकिन इस साल उसने दो करोड़ 19 लाख 36 हजार रुपये की राशि किराये से आने की उम्मीद बजट में लगाई है। अब तक की वास्तविक स्थिति और 31 मार्च तक के अनुमान का भी आंकलन बजट बैठक में किया गया। बजट प्रस्ताव में बताया गया कि बीते साल 134 करोड़ 44 लाख 25 हजार रुपये खर्च का अनुमान था लेकिन अबतक 62 करोड़ छह लाख रुपये खर्च हुए हैं। वित्त वर्ष के अंत तक 74 करोड़ 47 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। बजट प्रस्ताव में बताया गया कि बीते साल नगर परिषद को 142 करोड़ 98 लाख 97 हजार रुपये आय होने का अनुमान था लेकिन इसके विपरीत 109 करोड़ 63 लाख रुपये आय होने का संशोधित अनुमान लगाया गया है। जबकि अगले वित्त वर्ष के लिए 114 करोड़ 33 लाख 84 हजार 767 रुपये आय का अनुमान लगाया गया है। अगले वित्त वर्ष में नगर परिषद में कुल 112 करोड़ 86 लाख 93 हजार 408 रुपये खर्च का अनुमान लगाया है। इसमें वेतन पर 18 करोड़ 84 लाख रुपये खर्च होंगे। नगर परिषद 12 करोड़ 87 लाख रुपये घर-घर से कूड़ा एकत्रित करने पर खर्च करेगी। पार्कों के रखरखाव पर 2 करोड़ 80 लाख रुपये खर्च करने का प्रस्ताव रखा गया है। अगले विद वर्ष में 20 करोड रुपये की राशि गलियों और सड़कों के निर्माण पर खर्च की जाएगी। 2024-25 के दौरान नगर परिषद अपना किराया वसूलने, प्रोपर्टी टैक्स वसूलने समेत तमाम तरह की वसूली के अभियान में विफल रही है और यही कारण है कि इस बार उसे अपना बजट काम करना पड़ा है। इस दौरान उसे अपने खर्चों में भी कटौती का प्रस्ताव करना पड़ा है।

हालात यह हैं कि बीते साल नगर परिषद ने डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से मशीनरी और वाहन खरीदने का प्रस्ताव किया था और उस पर पूरे वित्त वर्ष में भी खर्च नही किया गया है। नगर परिषद में पिछले साल 57 करोड़ की लागत से जमीन और भवन खरीदने के प्रस्ताव रखे थे और इन पर एक पैसा भी खर्च नहीं किया गया लेकिन इस साल 32 करोड़ 53 लाख रुपये जमीन और भवन खरीदने के लिए निर्धारित किए गए हैं।



**जींद।** नगर परिषद बैठक की अध्यक्षता करते हुए नप अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी व साथ में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। *फोटो :हरिभूमि*

#### केवल छह करोड़ 40 लाख ही मिले विकास शुल्क से

नगर परिषद को बीते साल विकास शुल्क के माध्यम से 15 करोड़ 80 लाख रुपये आने का अनुमान था लेकिन केवल 6 करोड़ 40 लाख रुपये ही नगर परिषद इस खाते में जुटा पाई है। बदली परिस्थितियों में नगर परिषद ने इस साल इस खाते में साढ़े आठ करोड रुपये एकत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

#### आय के साधन बढ़ाएगी नप

डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि प्रोपर्टी टैक्स, किराया और विकास शुल्क वसूली में भारी कमी आई है। इन तीनों की वसूली को तेज करने के लिए अधिकारियों को सख्ती बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं। बीते वित्त वर्ष में सरकार की तरफ से भी पैसा कम आया है और आज बैठक में विधायक और विधानसभा उपाध्यक्ष को आग्रह किया है कि वह सरकार की तरफ से नगर परिषद का पैसा जारी करवाने का प्रयास करें। उन्होंने शहर के लोगों का आह्वान किया कि वह अपना प्रॉपर्टी टैक्स समय पर भरें ताकि नगर परिषद विकास के कार्यों में तेजी ला सके। बीते साल काफी कालोनियां अवैध थी, जो वैध हो गई हैं। इन कॉलोनियों में काफी पैसा नगर परिषद का लगा है। आने वाले समय में सरकार की ओर से पैसा आने पर शहर का विकास तेजी से होगा। इसके अलावा शहर के लोग सफाई अभियान में भी नप का सहयोग करें।

#### फूड मार्केट की जाएगी स्थापित

दीवानखाना मार्केट के पास पार्किंग स्थल के साथ-साथ स्ट्रीट फूड मार्केट भी स्थापित करने का काम किया जाएगा। जल्द ही टाउन हॉल पर बने लाला लाजपत राय शॉपिंग कांपलेक्स को सेल किया जाएगा। इसके लिए सरकार से अनुमति ली जा रही है। इस परिसर की बिक्री से आने वाले पैसे को नगर परिषद जमीन की खरीद में लगाएगी ताकि भविष्य में कोई और प्रोजेक्ट बनाकर नगर परिषद अपनी आय का साधन बना सके। प्रॉपर्टी टैक्स के लिए नोटिस जारी किए जाएंगे और बेकार पड़ी जमीन को बिक्री के लिए निकाला जाएगा और बकाया किराये की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इससे नगर परिषद की आय में बढ़ोतरी होगी। परिसर की बिक्री से आने वाले पैसे को नप जमीन की खरीद में लगाएगी ताकि भविष्य में कोई और प्रोजेक्ट बनाकर नगर परिषद आय का साधन बना सके।

---

# ओवरलोडिंग वाहनों से लोग परेशान

- प्रशासन से कई बार लगा चुके गुहार नही हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर में इन दिनों ओवर लोडिंग गुजरने वाले वाहनों ने लोगों को परेशान कर रखा है। जब यह वाहन सड़क मार्ग से गुजरते है तो सामने से आने वाला कोई भी वाहन सड़क से नहीं गुजर सकता जिससे दुर्घटना होने का भय बना रहता है। इस बारे नगर के लोगों ने कई बार पुलिस प्रशासन को भी अवगत करवाया लेकिन पुलिस प्रशासन ने भी इस ओर कोई कार्यवाही नहीं की। जिससे ओवर लोडिंग वाहन चालकों के हौसले बुलंद होते चले गए। ओवर लोडिंग वाहन चालक मर्जी से वाहनों को सड़क से लेकर गुजरते हैं कई बार तो इन वाहनों की वजह से सड़क मार्ग पर जाम लग जाता है। लेकिन उसके बावजूद भी पुलिस इन पर कोई कार्यवाही नहीं करती। इस बारे कर्मबीर, अशोक, , भूषण ने बताया कि जब तूडी से भरे ट्रैक्टर ट्राली लेकर गुजरते हैं तो कई बार वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती हैं। ऐसे में वाहन चालकों के लिए वाहन रोकने के अलावा कोई विकल्प नही होता। जबकि यह ओवर लोडिंग वाहन चालक पुलिस प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए वाहन लेकर सड़क से सरेआम गुजरते हैं।



**राजौंद।** नगर से गुजर रहे ओवर लोडिंग वाहन। *फोटो :हरिभूमि*

# महाप्रबंधक ने रोडवेज चालक किया सस्पेंड

- दूसरी बस से आगे निकालने की होड़ में ओवरस्पीड व लापरवाही से चलाई बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोडवेज डिपो महाप्रबंधक ने नरवाना सब डिपो के चालक को सस्पेंड किया है। रोडवेज बस चालक द्वारा दूसरी बस के आगे निकालने के चक्कर में तेज गति से बस चलाई और बस में मौजूद यात्रियों की जान को खतरे में डाला। इसके अलावा यातायात नियमों की उल्लंघना करते हुए रॉग साइड से बस को ले गया। जिसकी शिकायत रोडवेज जीएम को दी गई। रोडवेज ड्राइवर की इस लापरवाही का वीडियो भी बनाया गया है। इस पर जींद डिपो जीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए ड्राइवर महेंद्र सिंह को सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंशन के दौरान महेंद्र सिंह का मुख्यालय जींद ट्रैफिक ब्रांच रहेगी। गत एक मार्च को जींद डिपो के नरवाना सब डिपो की बस चंडीगढ़ से नरवाना की तरफ आ रही थी। इस बस को आगे हिसार जाना था। रोडवेज की इस बस को चालक महेंद्र सिंह चला रहा था। कलायत से आगे निकलते ही चालक महेंद्र सिंह ने एक दूसरी बस से आगे निकालने की कोशिश की। इसी होड में महेंद्र ने बस को ओवरस्पीउ चलाया। बाकायदा गलत तरीके से कट भी मारे, जिससे बस के अंदर बैठे यात्रियों की जान को खतरा बन गया। नरवाना में एंट्री के दौरान फ्लाईओवर पर गंभीर लापरवाही करते हुए महेंद्र बस को रॉग साइड में चलाया। इस सारे घटनाक्रम की बस के पीछे आ रही कार के चालक रमेश ने वीडियो भी बना ली। रोडवेज बस ड्राइवर ने यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हुए ओवरस्पीड में बस चलाई तो साथ ही रॉग साइड से भी बस लेकर गया। जिससे यातायात नियमों की अवहेलना के साथ-साथ हादसे का खतरा रह। यात्रियों ने बाद में इसकी शिकायत जीएम से की और ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।



वह बस जिसे महेंद्र ने ओवरस्पीड चलाया।

#### ड्राइवर सस्पेंड

रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन के संज्ञान में मामला पहुंचा तो उन्होंने तुरंत प्रभाव से ड्राइवर महेंद्र सिंह को सस्पेंड कर दिया।

---



**कैथल।** डीसी प्रीति बाल भवन का निरीक्षण करते। *फोटो :हरिभूमि*

#### व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कैथल।** जिला बाल कल्याण परिषद की अध्यक्षा एवं डीसी प्रीति ने वीरवार सुबह बाल भवन में चल रहे डे केयर सेंटर का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बच्चों के बैठने के कक्ष, रसोई, पुस्तकालय और रजिस्टर आदि चेक किए। निरीक्षण के दौरान लगभग सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। उन्होंने जिला बाल कल्याण अधिकारी को ओर अधिक बेहतर व्यवस्था करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर चौहान ने डीसी को अवगत कराया कि डे केयर सेंटर में प्रतिदिन 25 बच्चे आते हैं। इसके अलावा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए भी परिषद में सिलाई व ब्यूटी पार्लर आदि का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। इस समय दोनों कोर्स में कुल 50 लड़कियां प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

# टूटी सड़क को बनाने की मांग

- पीडब्ल्यूडी विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद के कैथल असंध मुख्य मार्ग की टूटी हुई सड़क अपनी बेरुखी पर आंसू बहा रही है। टूटी सड़क को लेकर नगरवासियों के साथ साथ वाहन चालक भी अब तो पूरी तरह परेशान हो चुके हैं। इस सड़क को लेकर कई बार संबंधित विभाग को अवगत करवा चुके है, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। सड़क पर जगह जगह बने गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन रहे है। दुकानदार मनमोहन, मनीराम, कुलदीप, रामकुमार,श्याम, आजाद, सिंदा, बीरू जांगड़ा, दीपक कुमार ने बताया कि कई जगह से टूटी हुई सड़क की शिकायत पीडब्ल्यूडी विभाग को की जा चुकी है।

लेकिन विभाग लंबी तान कर सोया हुआ है। लोगों का कहना है कि शायद पीडब्ल्यूडी विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। दुकानदारों ने बताया कि इस टूटी हुई सड़क से रात को कई अज्ञात वाहन चालक चोटिल हो चुके है। इन लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अब भी संबंधित विभाग ने समस्या की ओर ध्यान नही दिया तो वह सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने को विवश होंगे।



**राजौंद।** असंध मार्ग पर टूटी सड़क पर बने गहरे गड्ढे। *फोटो :हरिभूमि*

# जींद: अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन की सख्ती

- खरीदने से पहले उसकी वैधता और दस्तावेजों की जांच अवश्य कर लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशन में जिला नगर योजनाकार कार्यालय ने जींद शहरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। बिना लाइसेंस, सीएलयू और एनओसी के विकसित की जा रही कॉलोनियों को नियमों के विरुद्ध पाते हुए प्रशासन ने आवश्यक कानूनी कदम उठाए हैं। अधिकारियों के अनुसार राजस्व क्षेत्र जींद में किला, खसरा नंबर 192//5/1/1 मिन, 5/1/2 मिन, 177//25/2/1 मिन, 25/2/2 मिन पर एक अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। जिसे सरकार से स्वीकृति प्राप्त नहीं है। जिला नगर योजनाकार कार्यालय ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी भूखंड को खरीदने से पहले उसकी वैधता और आवश्यक दस्तावेजों की जांच अवश्य कर लें। बिना स्वीकृति विकसित कॉलोनियों में निवेश न केवल असुरक्षित रहेगा बल्कि भविष्य में कानूनी कार्यवाही का भी सामना करना पड़ सकता है।

# फरवरी माह में कुल 2970 वाहनों का चालान किया

- आमजन को नियमों की पालना के लिए किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला कैथल में ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों पर एसपी राजेश कालिया के निर्देशानुसार कड़ी निगरानी की जा रही है। ट्रैफिक एसएचओ एसआई राजकुमार की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों के चालान काटे जा रहे है तथा साथ साथ आमजन को ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे भी जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा बुलेट बाइक से पटाखे की आवाज निकालकर क्षेत्र में दहशत पैदा करने वाले तथा मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट पर विशेष तौर पर पैनी नजर रखी जा रही है। इस दौरान फरवरी माह दौरान एसी 128 बुलेट बाइको के चालान किए गए है। माह के दौरान यातायात पुलिस ने ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना के मामले में 86 इम्पाउंड व्हीकलों सहित 2970 चालान किए गए। गत माह पुलिस ने चालको से 23 लाख 37 हजार 200 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

### नरवाना से जींद 30 की बजाय अब लगेंगे 45 रुपये

# सुपरफास्ट बनकर दौड़ेगी छिंदवाड़ा एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर गुजरने वाली छिंदवाड़ा एक्सप्रेस अब सुपरफास्ट बनकर दौड़ेगी। रेलवे ने इस ट्रेन का नाम भी बदल दिया है और इसके किराये में भी इजाफ कर दिया है। अब यह ट्रेन नए नंबर से रवाना होगी। इस ट्रेन में सफर करने के लिए यात्रियों को नरवाना से जींद आने के लिए 45 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। इससे पहले जींद से नरवाना तक 30 रुपये लगते थे। रेलवे ने फिरोजपुर से सिओनी जाने वाली 14026 छिंदवाड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस को सुपरफास्ट बना दिया है। अब यह ट्रेन 20424 नए नंबर से चलेगी। इस ट्रेन में सफर करने के लिए पासधारकों को भी 15 रुपये की अतिरिक्त टिकट लेनी पड़ेगी। जबकि इससे पहले यात्री अपने पास पर ट्रेन में सफर कर रहे थे लेकिन अब उन्हें भी आवागमन करने के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। हालांकि इस ट्रेन के ठहराव में कोई बदलाव नहीं किया है। यह ट्रेन पहले वाले सभी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। ट्रेन को सुपरफास्ट बनने का यात्रियों को कोई फायदा नही मिलेगा। क्योंकि इस ट्रेन के ठहराव पहले की तरह है लेकिन किराये में बढ़ोतरी जरूर हो गई है। यात्रियों को सुविधा की बजाय रुपये अतिरिक्त खर्च करने पड़ेंगे।

#### फिरोजपुर और सिओनी के बीच आवागमन

यह ट्रेन पंजाब के फिरोजपुर और सियोनी के बीच आवागमन करती है। इस ट्रेन का सबसे अधिका फायदा सरकारी और निजी दफ्तरों में काम करने वाले लोगों को होता है। यह ट्रेन सुबह आठ बजकर 23 मिनट पर फिरोजपुर की तरफ से नरवाना स्टेशन पहुंचती है। दो मिनट के ठहराव के बाद यह रवाना हो जाती है। इसके बाद यह आठ बजकर 37 मिनट पर उचाना स्टेशन पहुंच जाती है और फिर आठ बजकर 56 मिनट पर जींद जंक्शन पहुंच जाती है। इस ट्रेन में नरवाना, उचाना, जींद से सैंकड़ों लोग अपने-अपने रोजगार पर जाते हैं। क्योंकि यह ट्रेन दस बजे से पहले रोहतक जंक्शन भी पहुंचा देती है, जो कि कर्मचारियों के लिए बेहतर सुविधा है। यह ट्रेन अगले दिन सुबह सात बजकर 34 मिनट पर सिओनी स्टेशन पहुंच जाती है और उसके बाद आठ बज कर 21 मिनट पर सिओनी से फिरोजपुर के लिए रवाना होती है।

#### ट्रेन के किराये में भी बढ़ोत्तरी

जींद रेलवे जंक्शन अधीक्षक जेएस कुंडू ने बताया कि फिरोजपुर और सियोनी के बीच चलने वाली छिंदवाड़ा एक्सप्रेस अब सुपरफास्ट बनकर चलेगी। इस ट्रेन का नाम 20423-24 हो गया है और इस ट्रेन के किराये में भी बढ़ोत्तरी हो गई है।

## खबर संक्षेप

### जानकार बताकर ऐंठे 42 हजार रुपये

जींद। जानकार बनकर अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति से 42 हजार रुपये ठग लिए। साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।

गांव सिवाहा निवासी ईश्वर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पांच फरवरी को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। उसका मोबाइल फोन घर पर था और वह बाहर गया हुआ था।

### लड़की भगाने के आरोप में युवक पर मामला दर्ज

जींद । शहर थाना नरवाना की एक कॉलोनी से नाबालिग लडक़ी को बहला-फुसला भगा ले जाने पर पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक कॉलोनी के व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि चार मार्च को उसकी 14 वर्षीय बेटी घर पर थी। इसके बाद वह अचानक बिना किसी को बताए कहीं चली गई। बाद में पता चला कि उसकी बेटी को कोई अज्ञात बहला-फुसला भगा ले गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता, केस दर्ज

जींद। जुलाना क्षेत्र के एक गांव से 19 वर्षीय संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक गांव की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी चार मार्च रात आठ बजे अचानक बिना किसी को बताए घर से चली गई। पता चलने पर उसे आसपास और रिश्तेदारियों में ढूंढा लेकिन कहीं भी उसका सुराग नही लगा।

### फ्री यूरोलॉजी चेकअप शिविर का आयोजन कल

जींद । कर्नल डीके भारद्वाज ने बताया कि आठ मार्च शनिवार को गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में सैनिकों और आमजन के लिए निशुल्क हृदय एवं यूरोलॉजी (मूत्र व किडनी) चेकअप शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में मेट्रो हार्ट इंस्टिटूट नोएडा के सीनियर कर्डियोलॉजिस्ट मुमुक्षू की टीम हृदय जांच व अन्य मेडिकल चेकअप की सेवाएं प्रदान करेगी।

### दान वही जो निष्काम भाव से दिया जाए

जींद । असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि अच्छा दान वह है, जो पात्र जरूरतमंदों को बिना किसी प्रत्युपकार की इच्छा के निष्काम भाव से ढूंढ कर दिया जाता है। बहुत से भिखारी दिन में तो भीख मांगते हैं और रात होने पर उसी पैसे से तरह-तरह के व्यसन करते हैं। ऐसा दान लेने वालों को ही नही देने वालों को भी दुखी करता है।

### मछली पालन को दिया जा रहा बढ़ावा : डीसी

जींद । उपायुक्त मोहम्मद इमरान ने बताया कि सरकार अनुसूचित जाति परिवारों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है। इसी कड़ी में मतस्य विभाग द्वारा चलाई जाने वाली श्पंचायती तालाब उपयोजना के अंतर्गत मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति के किसानों को मछली पालन के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आठ मार्च को: सीजेएम

जींद । सीजेएम मोनिका ने बताया कि आठ मार्च को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक परिसर जींद व उपमंडल स्तर पर नरवाना व सफीदों न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की सुनवाई के लिए छह पीठों का गठन किया गया है।

### तीन दिवसीय सिलाई कार्यशाला का शुभारंभ

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा अडवांस सिलाई की तीन दिवसीय कार्यशाला का आरंभ किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा की गई और कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान की इंचार्ज आरती सैनी की देखरेख में गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिकाएं तनु रानी व अनु रानी ने किया।

---

विधानसभा डिप्टी स्पीकर ने सीएम के सामने रखी मांग

# पालिका बाजार को चांदनी चौक की तर्ज पर सुंदर बनाया जाए

## जींद में आईआईटी लाने का प्रयास तेज, सीएम से की मांग : डॉ. मिड्ढा

**दुकानदारों का सामान लेकर आने वाले चार पहिया वाहन दीवान खाना मार्केट तक रात को आठ बजे के बाद आ सकेंगे**



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते विधानसभा डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

- शहर में स्मार्ट स्ट्रीट और स्मार्ट मार्केट बनाना आसान
- फैंसी बैंच लगाए जाएंगे व जगह बनी तो फव्वारा भी लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि उन्होंने बजट पूर्व विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री के सामने जींद में आईआईटी स्थापित करने की मांग रखी है। मुख्यमंत्री ने इस मांग पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया है। क्योंकि हरियाणा में एक भी आईआईटी नही है। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को नगर परिषद की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डा. मिड्ढा ने कहा कि आज नगर परिषद के बजट में कुछ कटौती की गई है लेकिन यह समय के अनुकूल है। वह यह मानते हैं कि स्मार्ट सिटी बनाना बहुत मुश्किल काम है लेकिन किसी भी शहर में स्मार्ट स्ट्रीट और स्मार्ट मार्केट बनाना आसान काम है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने भी प्रस्ताव रखा था और उन्हें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री को यह प्रस्ताव पसंद आया होगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने आज की बैठक में अधिकारियों को इस बात के निर्देश दिए हैं कि पालिका बाजार को चांदनी चौक के तर्ज पर सुंदर बनाने का काम किया जाए। यहां पर सड़कों को बहुत साफ और क्लीन किया जाएगा। फैंसी लाइट लगाई जाएगी। फैंसी बेंच लगाए जाएंगे और अगर जगह बनी तो फव्वारा भी लगाया जाएगा। इस बाजार में चार पहिया वाहनों के आने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाएगा। दुकानदारों का सामान लेकर आने वाले चार पहिया वाहन दीवान खाना मार्केट तक रात को आठ बजे के बाद आ सकेंगे। वहां से दुकानदारों को अपना माल दोपहिया वाहनों पर ही लाना पड़ेगा। विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि अगर यह सपना साकार होता है तो उसके बाद शहर में दूसरे बाजारों को इस तर्ज पर सुंदर बनाने का काम किया जाएगा।

**जींद के विकास के लिए समर्पित**

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि जींद के विकास के लिए वह पूरी तरह से समर्पित हैं। वह इस बात का प्रयास करेंगे कि नगर परिषद के अगर सरकार की तरफ कोई राशि अटकी है तो वह जारी हो सके और शहर के विकास के लिए अलग से पैसा आ सके। कहा कि स्ट्रीट फूड आज के समय की सबसे बड़ी मांग है और वह स्ट्रीट फूड मार्केट बनाने का एक नया कॉन्सेप्ट शुरू करने के मूड में हैं। इसके लिए रानी तालाब, जयंती देवी मंदिर, पालिका बाजार आदि के पास जगह की तलाश की जाएगी। जहां 15-20 रेहड़ियां एक जैसी लग सकें व लोगों को ठीक दाम पर अच्छी क्वालिटी का फास्ट फूड मिल सके।

**प्रस्ताव पसंद आया**

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को नगर परिषद की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डा. मिड्ढा ने कहा कि आज नगर परिषद के बजट में कुछ कटौती की गई है लेकिन यह समय के अनुकूल है। वह यह मानते हैं कि स्मार्ट सिटी बनाना बहुत मुश्किल काम है लेकिन किसी भी शहर में स्मार्ट स्ट्रीट और स्मार्ट मार्केट बनाना आसान काम है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने भी प्रस्ताव रखा था और उन्हें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री को यह प्रस्ताव पसंद आया होगा।

---

# अभिभावकों को किया जागरूक

- सरकारी स्कूल के अध्यापकों ने दाखिले के लिए कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



अलेवा। नगूरां में बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करते स्कूल प्राचार्य व अन्य।

सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढाने को लेकर शिक्षा विभाग ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसी के चलते वीरवार को शहीद ईश्वर सिंह रंगा राजकीय माडल संस्कृति वमावि नगूरां के अध्यापकों ने नगूरां समेत विभिन्न गांवों में बच्चों के अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक तथा दाखिला करवाने को लेकर घर-घर दस्तक दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य बिजेंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करते हुए प्राचार्य ने कहा कि नगूरां गांव का शहीद ईश्वर सिंह रंगा राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलेवा ब्लाक का एक मात्र ऐसा स्कूल है। जिसमें सीबीएसई के पैटर्न पर पढाई होगी। बच्चों को इस स्कूल में दाखिले के लिए 9 मार्च रविवार को प्रवेश परीक्षा देनी होगी। उसी के आधार पर बच्चे को स्कूल में दाखिला मिलेगा। प्राचार्य ने नगूरां तथा आसपास गांव के बच्चों के अभिभावकों को आह्वान किया है कि अपने बच्चों को स्कूल में दाखिले के लिए 9 मार्च रविवार को प्रवेश परीक्षा के लिए जरूर लेकर आएं।



जींद। छात्राओं को रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**15 छात्राओं को मिली नौकरी**

जींद। राजकीय महिला आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन पांच मार्च को किया गया था। जिसमें सोमेमिया कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड नीमराना राजस्थान की कंपनी के अधिकारियों ने केवल सिंह वर्ग अनुदेशक ओर विकास शयोकंद की अध्यक्षता में चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इसमें कंपनी की तरफ से नेहा ने छात्रों का चयन किया। जिसमें कंपनी ने 20 छात्रों का चयन हुआ और सभी छात्राओं को गाड़ी में बैठा कर कंपनी के लिए रवाना किया गया। प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने कहा कि सभी मेहनत और लगन से कार्य करें ताकि आपके मां-बाप और सस्थान का नाम रोशन हो और आने वाले समय में आप दूसरे छात्रों के मार्गदर्शक बने। इस मौके पर नवीन चोपड़ा, विकास कुमार, सतीश कुमार, जसविंदर, पूनम रानी, सुमन देवी, प्रीति भी मौजूद रही।

### जुलाना नगर पालिका की मतगणना होगी बारह को

जींद । नगर पालिका सफीदों के वार्ड नम्बर 14 के उप चुनाव व नगर पालिका जुलाना के चुनाव संपन्न होने के पश्चात अब जिला प्रशासन द्वारा 12 मार्च हो आयोजित होने वाली मतगणना की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सफीदों के वार्ड नंबर 14 व नगर पालिका जुलाना की मतगणना को पारदर्शी, निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए काउंटिंग टीमों का रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में प्रथम तल कॉन्फ्रेंस हॉल में रेडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। नगर पालिका सफीदों वार्ड नम्बर 14 की मतगणना के लिए एक टेबल लगाई हैं और जुलाना नगर पालिका की मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई हैं। जुलाना नपा की मतगणना दो राउंड में पूरी कर ली जाएगी। जुलाना नगर पालिका की मतगणना जुलाना के राजकीय महाविद्यालय में करवाई जाएगी।

---

# विद्यार्थी जीवन मानव जीवन की आधारशिला : मिड्ढा

## भारत विद्या मंदिर मिडल स्कूल में 33वां वार्षिक पारितोषिक समारोह मनाया

- कड़ी मेहनत करके वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक लेने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करते हुए रूद्राक्ष मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

स्थानीय भारत विद्या मन्दिर मिडल स्कूल में 33वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर के प्रतिनिधि एवं बेटे रूद्राक्ष मिड्ढा रहे। अपने संबोधन में रुद्राक्ष ने कहा कि विद्यार्थी जीवन मानव जीवन की आधारशिला है। विद्यार्थी जीवन ही वह समय होता है जिसमें बालक के चरित्र व्यवहार तथा आचरण को जैसा चाहे वैसा रूप दिया जा सकता है। इस काल में बालक के मन, मस्तिष्क पर जो प्रभाव अंकित हो जाते हैं, वे शीघ्र ही पत्थर की लकीर बन जाते हैं। अर्थात जीवनभर नहीं मिटते। इसी काल में विद्यार्थी में ग्रहणशीलता अधिक होती है। इसी काल में उसकी स्मरण शक्ति, निरीक्षण शक्ति, जिज्ञासा वृत्ति अधिक सक्रिय होती है। प्रत्येक विद्यार्थी जीवन में अनेक प्रकार की गलतियां करता है लेकिन उन गलतियों को सुधारना भी उसी विद्यार्थी का काम होता है। उसे अपने कर्मों पर, विचारों पर चिंतन-मनन करना होगा।

**आदर्श विद्यार्थी समय को व्यर्थ नहीं गंवाता**

आदर्श विद्यार्थी अपने समय को व्यर्थ नहीं गंवाता। वह प्रतिदिन अपना काम निरंतर करता रहता है। विद्यालय के मुख्याध्यापक विनोद हसीजा ने शिक्षा सत्र 2024-2025 की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सुनाई। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक लेने के लिए प्रेरित किया। मुख्यअतिथि व अन्य उपस्थित अतिथिगणों का आभार प्रकट किया। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

---

# वेस्ट आफ कार्ड बोर्ड में निधि प्रथम

- डीएवी स्कूल में हुआ वेस्ट आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

डीएवी सैनेटरी पब्लिक स्कूल अर्बन स्टेट में वेस्ट आर्ट प्रदर्शनी कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष नगर परिषद अर्चना शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद जींद रिषिकेश चौधरी द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्यतः तीन विषयों पर प्रतियोगिता करवाई गई। वेस्ट ऑफ प्लास्टिक, वेस्ट आफ क्लॉथ, वेस्ट ऑफ कार्डबोर्ड तीनों विषयों पर करीबन 50 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। प्रतियोगिता में वेस्ट आफ प्लास्टिक में रिचिक कक्षा छह प्रथम, उज्जवल और रोहन दूसरा विश्वजीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वेस्ट ऑफ कार्ड बोर्ड में आंचल कक्षा बारहवीं प्रथम, निखिल कक्षा दसवीं दूसरा व अनीश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वेस्ट आफ कार्ड बोर्ड में निधि कक्षा दस प्रथम रही। मुख्यअतिथि ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से शहर में सफाई के प्रति चेतना उत्पन्न होगी। कार्यकारी अधिकारी रिषिकेश ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। अभी से कचरा प्रबंधन का पर्याय भारत वर्ष के लिए एक सकारात्मक पहल है। कार्यक्रम में हरीश शर्मा, महिपाल कौशिक, संजीव चहल, नीलम और प्रिंसिपल रश्मि विद्यार्थी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

---



जुलाना। शिविर में किसानों को जागरूक करते कृषि अधिकारी।

### 50 किसानों को बैटरी चालित स्प्रे पंप वितरित किए

जुलाना। जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी में खंड कृषि अधिकारी कार्यालय में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता खंड कृषि अधिकारी जुलाना डा. सूरजमल ने की। अनुसूचित जाति किसान कैंप मे किसानों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। जिसमें ड्रॉ के माध्यम से 50 किसानों को बैटरी चालित स्प्रे पंप वितरित किया गया। खंड कृषि अधिकारी ने आत्मा स्कीम के तहत आयोजित किसान कैंप में प्राकृतिक खेती के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। रबी फसलों मे बिजाई से लेकर बीमारियों की रोकथाम कैसे की जाए। इस बारे में किसानों को जागरूक किया गया। इस मौके पर शुभम कृषि सुपरवाइजर, डा. विनोद कुमार, बिजेंद्र सहायक तकनीकी प्रबंधक, सुमित सहायक तकनीकी प्रबंधक ने किसानों को जल शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर किसान सतबीर, बलबीर, भगत सिंह, राजेश, बलवान आदि किसान मौजूद रहे।

---

# रोडवेज के निजीकरण को रोकें

- महिलाओं ने रोडवेज समस्याओं का लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। अधिकारी को मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

सार्वजनिक परिवहन से संबंधित महिलाओं की समस्याओं एवं मांगों को लेकर हरियाणा प्रदेश परिवहन मंत्री अनिल विज को ज्ञापन भेजा गया। वहीं आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जींद में महिलाओं व परियोजना कर्मियों की मांगों एवं समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा और मांगों संबंधी ज्ञापन सरकार को भेजा जाएगा। जिला सचिव कपूर सिंह ने बताया कि महिलाओं के लिए सरकारी परिवहन के साधन विशेषकर बसें बहुत महत्वपूर्ण हैं। महिलाएं पढ़ाई, नौकरी या अन्य किसी काम के संदर्भ में कहीं आने-जाने के लिए सरकारी बसों को तरजीह देती हैं। क्योंकि सार्वजनिक परिवहन के साधनों में महिलाएं ज्यादा सुरक्षित महसूस करती हैं और इनमें समय की भी किफायत होती है। परंतु रोडवेज के बढ़ते निजीकरण तथा परिवहन संचालन में लैंगिक दृष्टि ना होने के कारण स्थिति गंभीर होती जा रही है। बसों की संख्या लगातार कम होने की वजह से बसों में भारी भीड़ होती है। महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें भी नहीं मिलती हैं, गर्भवती, बुजुर्ग, विकलांग और बच्चे को गोद में लिए महिलाएं खड़े होकर सफर करती हैं। मांग की कि रोडवेज के निजीकरण को रोका जाए।

---

# केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल साफ छवि के नेता : दलजीत मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



- केंद्रीय मंत्री को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की मांग

देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक ने केंद्रीय मंत्री और हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहरलाल को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की मांग की है। पत्रकारों से बात करते कहा कि मनोहरलाल बेहद साफ छवि के नेता हैं। उन्होंने सीएम रहते प्रदेश के विकास को चार चांद लगाने का काम किया। उन्होंने प्रदेश में चल रही भेदभावपूर्ण विकास की नीति को समाप्त किया और सभी हलकों में समान रूप से विकास करवाया। इन्हीं की नीतियों के चलते हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी। मलिक ने कहा कि भाजपा की विकासकारी नीतियां हर व्यक्ति को भा रही है। हरियाणा में युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरियां दी जा रही है। युवाओं का भरोसा भाजपा सरकार में बढ़ा है। भाजपा हाई कमान में भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने को लेकर हलचल चल रही है। हाईकमान से मांग की कि पूर्व सीएम मनोहरलाल को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाए। क्योंकि मनोहरलाल खट्टर ने पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम किया है।

---

## समाधान शिविर में अबतक मिली 8877 शिकायतें, 7915 का हल

# लंबित शिकायतों को जल्द से जल्द निपटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। शिकायतें सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने गुरूवार को आयोजित समाधान शिविर के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना होता है। प्रशासन की यह जिम्मेदारी बनती है कि जनसाधारण को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि उनकी शिकायतों का हल एक ही स्थान पर सुगमता से हो सके। समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं और उनकी स्थिति की तुरंत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसारए प्रत्येक कार्य दिवस सुबह 10 से 12 बजे तक इन शिविरों का आयोजन किया जाता है। जिससे जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग दफ्तरों में भटकना न पड़े। अबतक कुल 8877 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। जिनमें से 7915 का समाधान किया जा चुका है। जबकि 742 शिकायतों का निपटारा प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त कुछ शिकायतें अस्वीकृत की गई हैं या पुनः समीक्षा हेतु खोली हैं। डीसी ने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें।

**ये पहुंची शिकायतें**

शिविर के दौरान गांव बरौली के निवासी सुरेश ने अपने आधार कार्ड में जन्मतिथि सुधार के लिए आवेदन दिया। जिस पर उपायुक्त ने तुरंत संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकारए चाबरी कॉलोनी के नागरिकों ने सीवर ओवरफ्लो की समस्या रखी, जिससे गलियों में गंदा पानी भरने के कारण आमजन को असुविधा हो रही है। उपायुक्त ने इस समस्या का तुरंत समाधान करने के आदेश दिए। इसी तरह अन्य शिकायत मिली। जिस पर डीसी ने कार्रवाई के आदेश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य, सीईओ जिला परिषद अनिल दून, सीटीएम डा. आशीष देशवाल, एसडीएम सत्यवान मान सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---



जींद। होनहार स्काउट को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### स्काउट एंड गाइड के बच्चों को सम्मानित किया

जींद। एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल धिमाना में स्काउट एंड गाइड के बच्चों को सुबह प्रार्थना में विद्यालय के प्रबंधक सत्यवान नेहरा व प्राचार्य पृथ्वी सिंह द्वारा सम्मानित किया गया व उनको मैरिट सर्टिफिकेट बांटे गए। प्रबंधक नेहरा ने बताया कि इन बच्चों ने हर कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लिया। 26 जनवरी व 15 अगस्त की जिला परेड में भी इन बच्चों ने लगातार प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। 26 जनवरी के उपलक्ष पर बहुत ज्यादा कड़ी ठंड में भी इन बच्चों ने अपनी ट्रेनिंग जारी रखी तथा ठंडी हवाओं से जूझते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऐसे ही 15 अगस्त के समय बहुत अधिक गर्मी होने पर भी ये बच्चे तनिक भी नहीं घबराए और निरंतर मेहनत करते हुए अपने विद्यालय को आगे बढने व उसका नाम रोशन करने के लिए गर्मी से लड़ते हुए अपना अभ्यास जारी रखते हैं। स्काउट टीम लीडर अंशु ने बहुत अच्छी तरह अपनी जिम्मेदारी को निभाया। पर स्काउट इंचार्ज राकेश व सभी अध्यापक, अध्यापिकाएं मौजूद रही।

## खबर संक्षेप



राजकीय महाविद्यालय कैथल के विद्यार्थी प्राध्यापकों के साथ

### युवा संसद महोत्सव को नोडल केंद्र बनाया

**कैथल** । राजकीय महाविद्यालय कैथल विकसित भारत युवा संसद 2025 के लिए नोडल केन्द्र बनाया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार भाम्भू ने बताया कि युवाओं को अपने सम्पूर्ण विकास के लिए अधिक से अधिक भागीदारी विकसित भारत युवा संसद के लिए अपना पंजीकरण करवाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी श्रंखला में सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशिका डॉ. प्रोमिला मलिक ने भी सभी विद्यार्थियों को इस महोत्सव में बढ़-चढ़ कर भागलेने के लिए प्रेरित किया और कहा की सक्षम युवाओं को भारत की संसद में बोलने का अवसर प्राप्त होगा।

### अग्रवाल समाज का सम्मेलन 23 मार्च को

**कैथल**।अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं अग्रवाल समाज के वरिष्ठ नेता डा. राजकुमार गोयल ने बताया है कि आगामी 23 मार्च को अग्रसेन भवन, सेक्टर 8, करनाल में एक विशाल राज्यस्तरीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस परिचय सम्मेलन को लेकर हरियाणा के विभिन्न जिलों में 150 से ज्यादा स्थानों पर पंजीकरण केन्द्र बनाए गए है। परिचय सम्मेलन में सैकड़ों की तादाद में विवाह योग्य प्रत्याशी भाग लेंगे और अपने जीवन साथी का चयन करेगे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आठ मार्च को

**कैथल** । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल की अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितु वाई. के. बहल की देखरेख में आठ मार्च को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायधीश दवेन्द्र सिह, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश डा. अमित कुमार गर्ग, सिविल न्यायाधीश (सिनियर डिवीजन) डा. अमन ईन्द्र सिंह, सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संदीप कौर, सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) अंकिता महाजन और सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) गुहला डिवीजन राजविन्द्र सिंह में किया जाएगा।

### लाखों के ट्रांसफार्मर किए चोरी, शिकायत

**कैथल**। कैथल के गांव करोड़ा से चोर हजारों रुपए का बिजली का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। बिजली निगम पूंडरी के एसडीओ रविंद्र ढाकला ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 1 मार्च को चोर गांव करोड़ा के किसान दलेर सिंह के खेतों में रखा ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए चुराए गए। ट्रांसफार्मर की कीमत 57400 बताई गई है। दूसरे मामले में बिजली निगम पूंडरी की एसडीओ सपना ने बताया कि 28 फरवरी को चोर गांव सांच के किसान रविंद्र के खेतों में रखा ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गए ट्रांसफार्मर की कीमत 69700 बताई गई है।

## राजकीय महाविद्यालय में करवाई खेलकूद प्रतियोगिता, विद्यार्थियों के प्रदर्शन को सराहा

# 15वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में नीतिन और पारूल बने बेस्ट खिलाड़ी

प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित, करियर संबंधी दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आज राजकीय महाविद्यालय कैथल में 15वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर अभिषेक गोयल ने बताया कि प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोमिला मलिक सेवानिवृत्ति संयुक्त निदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार भाम्बू के द्वारा मुख्य अतिथि का पौधा देकर स्वागत किया गया। प्रोमिला मलिक ने खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि खेल हमारी परंपराओं के साथ जुड़े हुए हैं। यह हमारी संस्कृति को बढ़ाने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी खेल को अपनाना चाहिए। क्योंकि खेल हमें अनुशासित करने के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक तौर पर भी मजबूत बनाते हैं।

### खिलाड़ियों का किया सममान

समापन सत्र पर पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि ओलंपिक मेडल विजेता और राजीव गांधी खेलरत्न पुरस्कार से सम्मानित योगेश्वर दत्त रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को खेलों में हार - जीत की चिंता किए बिना खेत गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। क्योंकि विजेता का कोई एक ही बनता है। इसलिए जरुरी है कि हम खेले और खेल के साथ-साथ शरीर को स्वस्थ बनाएं और भारत का नाम विश्व में ऊंचा करें। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल के मैदान से निकाल कर आता है, कोई घर बैठकर खिलाड़ी नहीं बनता। इसलिए हमें खेलना चाहिए।





**कैथल**। ऊंची कूद लगाते खिलाड़ी व अव्वल रहे खिलाड़ियों को सम्मानित करते पदाधिकारी ।

### खेलों में बड़ा बड़ा महत्व

कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार भाम्बू ने कहा कि खेलों का महत्व हमारे बचपन से ही बहुत अधिक है। क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति अपने बचपन में किसी न किसी प्रकार की खेल अवश्य खेलता है। जो उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं। स अवसर पर प्रो. जसपाल सिंह, डॉ. सुशील शर्मा प्रो. विरेंद्र खटकड़, प्रो. सुभाष शर्मा, डॉ. मोनिका जाखड़, डॉ. विक्रम, डॉ. लखविंदर, डॉ. मेहर सिंह डॉ. कृतिका, डॉ. देवेंद्र, डॉ. सरिता, डॉ. सीमा जांगड़ा, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. अशोक कुमार, प्रो. मीना, प्रो. विकास, डॉ. मदनपाल, डॉ. संजय, डॉ. हंसराज डॉ. नीलम, डॉ. मंजू, डॉ. पूजा, डॉ. सोनिया, प्रो. अनुराधा, प्रो. कमल किशोर, प्रो. राधा और समस्त नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने अपनी सहभागिता निभाई। योगेश्वर दत्त के द्वारा प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए गए। इसके साथ-साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग से शारीरिक शिक्षा के अध्यापक अनूप धीमान, पीटीआई मोहनलाल और आर. के. एस. डी. कॉलेज के प्राध्यापक विनय को खेलकूद प्रतियोगिता में योगदान देने के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर अभिषेक गोयल ने सभी पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

### बेस्ट ऐथलिस्ट पुरूष खिलाड़ी नितिन बने

100 मीटर रेस पुरुष वर्ग में नितिन प्रथम, साहिल द्वितीय और दीपक तृतीय स्थान पर रहे । 200 मीटर रेस पुरुष वर्ग में प्रथम नितिन, द्वितीय दीपक और तृतीय स्थान पर अंकित रहा। 400 मीटर रेस पुरुष वर्ग में अजय प्रथम, दीपक द्वितीय और सागर तृतीय स्थान पर रहा । 800 मीटर रेस पुरुष वर्ग में दीपक प्रथम, चिराग द्वितीय, और मोहित तृतीय स्थान पर रहा। 1500 मीटर रेस पुरुष वर्ग में रोहित प्रथम, मनप्रीत द्वितीय और चिराग तृतीय स्थान पर रहे । 100 मीटर रेस महिला वर्ग में पारुल प्रथम, माफी द्वितीय और रंजू तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर रेस महिला वर्ग में रंजू प्रथम, पारुल द्वितीय और माफी तृतीय स्थान पर रही । 400 मीटर रेस महिला वर्ग में पारुल प्रथम, माफी द्वितीय और पुष्पक तृतीय स्थान पर रही । शॉट पुट पुरुष वर्ग में नितिन प्रथम, अंकित द्वितीय, और आशीष तृतीय स्थान पर रहे। शॉट पुट महिला वर्ग में रंजू प्रथम, माफी द्वितीय और पुष्पक तृतीय स्थान पर रही । लॉन्ग जंप पुरुष वर्ग में नितिन प्रथम, आशीष द्वितीय और सौरभ तृतीय स्थान पर रहे। लॉन्ग जंप महिला वर्ग में प्रथम पारुल, रंजू द्वितीय और माफी तृतीय स्थान पर रही । हाई जंप पुरुष वर्ग में प्रथम सौरभ, नितिन द्वितीय और अजय तृतीय स्थान पर रहे। हाई जंप महिला वर्ग में माफी प्रथम, पारुल द्वितीय औरं रंजू तृतीय स्थान पर रही । थ्री लेग रेस महिला वर्ग में निशु और रंजना प्रथम, पारुल और माफी द्वितीय एवं अंजलि और पायल तृतीय स्थान पर रही । 400 मीटर रिले दौड़ में गौरव, मनप्रीत, नितिन और सागर प्रथम स्थान पर साहिल, अंकित, नरेश और आशीष द्वितीय विकास, जतिन, तुषार और दीपक तृतीय स्थान पर रहे । सैक रेस में पारुल प्रथम, रंजू द्वितीय और पुष्पक तृतीय रही।


**सीवन**। डबल लेयर सुरक्षा में बनाया स्ट्रांग रूम का जायजा लेते आर ओ कैप्टन परमेश सिंह एसडीएम गुहला।

### 12 मार्च को मतगणना कड़ी सुरक्षा में ईवीएम

**सीवन**। सीवन नगर पालिका चुनाव के बाद ईवीएम को सीवन के माडल संस्कृति स्कूल में बने स्ट्रांग रूम में रखा गया है। मतगणना 12 मार्च को होनी है जोकि सीवन के माडल संस्कृति स्कूल में ही होगी। इसे लेकर नगरपालिका सीवन चुनाव के आर ओ कैप्टन परमेश सिंह एस.डी.एम गुहला ने भी स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का जायजा लिया चुनाव के परिणाम को लेकर प्रत्याशियों में काफी बैचेनी है। मतगणना को लेकर चुनाव अधिकारी की ओर से अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सीवन नगर पालिका में अध्यक्ष पद का परिणाम जारी करने के लिए आठ टेबल लगाई जाएंगी और दो-दो चरण में गिनती होगी। इस प्रक्रिया के तहत पहले अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के वोटों की गिनती होगी, इसके बाद पार्षद पद के प्रत्याशियों के मतों की गणना होगी। इसी कड़ी में मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सीवन नगर पालिका के सहायक चुनाव अधिकारी ए आर ओ रविंद्र हुड्डा ने बताया कि मतगणना को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं।

मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## जिला प्रशासन ने मतगणना के लिए लगाई कर्मचारियों की डयूटी

रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से की गई

मतगणना कर्मियों का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन 12 मार्च को होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने बताया कि 12 मार्च को होने वाली निकाय चुनाव की मतगणना को लेकर अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रथम रेंडमाइजेशन लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में किया गया। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से जिले की तीनों नगर पालिकाओं सीवन, कलायत व पूंडरी की मतगणना के लिए टीम का चयन किया गया। रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला की तीनों नगर पालिका सीवन, कलायत व पूंडरी में प्रधान व पार्षद पद के आम चुनाव हो चुके हैं तथा अब 12 मार्च को मतगणना उपरांत नतीजे घोषित किए जाएंगे। मतगणना के दौरान पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए रेंडमाइजेशन अति महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत होती है। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रथम प्रशिक्षण सात मार्च को लघु सचिवालय के सभागार में 2:30 बजे दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कलायत नगर पालिका के लिए नगर पालिका कार्यालय भवन में, पूंडरी नगर पालिका के लिए एंग्लो संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में तथा सीवन नगर पालिका के लिए राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। इन्हीं संस्थानों में मतगणना का कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। तीनों नगर पालिकाओं में 16-16 मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिनकी गणना के लिए तीनों नगर पालिकाओं में आठ-आठ टेबल लगाई जाएंगी।



**कैथल**। डीसी प्रीति अधिकारियों की डयूटी लगाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन

*विजेताओं को किया पुरस्कार देकर सम्मानित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आर. के. एस. डी. कॉलेज ऑफ फामेर्सी में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन के अंतर्गत क्रिकेट मैच 4 मार्च 2025 को आयोजित किया गया जिसमें मुख्य मुकाबला सीनियर एवं जूनियर विद्यार्थियों के बीच खेला गया, जिसमें सीनियर टीम ने पहले खेलते हुए 154 रन बनाए। इसे बनाने में जूनियर टीम असमर्थ रही। कप्तान संजय के नेतृत्व में सीनियर टीम ने शानदार विजय प्राप्त की। जूनियर टीम के कप्तान अंशुल ने भी एक शानदार पारी खेली और अपनी टीम का हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता के अंतर्गत होने वाली अन्य प्रतिस्पधाएं आगामी 11 मार्च 2025 को प्रस्तावित हैं। मैच का शुभारंभ आर. के. एस. डी. कॉलेज ऑफ फामेर्सी के प्रधान नवनीत गोयल अधिवक्ता व प्रधानाचार्य डॉ. रश्मि मनचंदा ने मिलकर किया। इस मैच के लिए आर. के. एस. डी. संस्थाओं के प्रधान अश्वनी शोरेवाला, प्रमुख सलाहकार एवं पूर्व प्रधान साकेत मंगल अधिवक्ता, उप-प्रधान श्याम सुंदर बंसल, महा-सचिव पंकज बंसल, निर्देशक प्रवीण जैन जी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। मैच के दौरान प्राचार्य डॉ सत्यवीर मैहला एवं सांयकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंद्र गुप्ता, कॉलेज ऑफ फामेर्सी से डॉ हरजिंदर कौर आदि रहे।


**कैथल**। अव्वल रहे खिलाड़ियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## नशे के दुष्प्रभाव विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में तान्या रही प्रथम

*विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

डी.ए.वी. कॉलेज पूंडरी में रेड-रिबन कल्ब तथा अंग्रेजी विभाग द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत 'नशे के दुष्प्रभाव' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुभाष तंवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि देश में लगभग 10 करोड लोग नशे कि लत के शिकार हैं, जिसमें अधिकतर युवा है। हमें युवाओं को नशे से बचाकर युवा शक्ति का राष्ट्रीय निर्माण में प्रयोग करना है। डॉ. रितु रानी, अंग्रेजी विभाग ने मंच संचालन करते हुए बताया कि हर वर्ष लगभग 3000 युवा नशे की लत के कारण मौत का शिकार हो रहे है और नशे के कारण हर प्रकार के जुर्म में वृद्धि हो रही है। इसलिए हमें स्वय को नशे से बचाना होगा। डॉ. विकास कुमार तथा मैडम नेहा शर्मा ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। तान्या, नेहा तथा नैंनसी ने इस प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।


**कैथल**। प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिभागी डी.ए.वी. कालेज के स्टाफ के साथ।

## सैनी यूथ फेडरेशन कैथल में आयोजित करेगा 23 मार्च को सैनी सम्मेलन

*सैनी रत्न पुरस्कार व अन्य विशिष्ट सम्मान देने का निर्णय : राकेश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सैनी यूथ फेडरेशन की एक विशेष बैठक हुई जो प्रदेश महासचिव राकेश सैनी व कैथल चेयरमैन मनदीप सैनी की नेतृत्व में हुई। बैठक के दौरान सैनी समुदाय के समक्ष आ रही कठिनाइयों एवं चुनौतियों पर चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यूथ फैडरेशन कैथल क्षेत्र में सैनी सम्मेलन का आयोजन करेगा। जिसमें समुदाय के समक्ष आ रही समस्याओं पर एक साझा मंच के माध्यम से विचार किया जाएगा। जानकारी देते हुए राकेश सैनी व मनदीप सैनी ने बताया कि सैनी समाज हमेशा संघर्षशील रहा है। सैनी समाज ने देश व हरियाणा राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, लेकिन सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर सैनी समुदाय हमेशा उपेक्षित रखा गया है। इसलिए समुदाय की जायज मांगों के लिए आवाज उठाने तथा समुदाय के लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए सैनी यूथ फेडरेशन के मंच के माध्यम से आने वाली समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वहीं समाज कल्याण के कार्यों को भी गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 23 मार्च को आयोजित किए जा रहे सैनी सम्मेलन में सैनी समाज के लिए किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी तथा भविष्योन्मुखी योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन दौरान सैनी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले व्यक्तियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा तथा प्रदेश भर से सैनी समाज की दो शख्सियतों को उनके जीवन की उपलब्धियों के लिए सैनी रत्न सम्मान भी प्रदान किया जाएगा।


**कैथल**। राकेश और मनदीप सैनी के साथ समाज के युवा। *फोटो : हरिभूमि*

## सजगता ही बचाव

# आमजन को किया साइबर क्राइम के बारे में जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राहगीरी प्रोग्राम तहत एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार आमजन को साइबर अपराधों बारे जागरूक करते हुए साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा हुड्डा सेक्टर 20 स्थित नेहरा शुटिंह रेंज में आमजन सहित खिलाड़ियों को साइबर क्राइम बारे जागरूक किया गया। इस दौरान साइबर थाना पुलिस के एसआई सुरेंद्र सिंह, एएसआई नरेश कुमार तथा सिपाही विरेंद्र की टीम द्वारा साइबर क्राईम से बचने के लिए बरती जाने वाली जरुरी सावधानियों बारे बताया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा बताया गया कि आधुनिकता के युग में आज हर क्षेत्र का डिजिटलीकरण हो गया है जिसके कारण आम नागरिकों को जहां इस कारण बहुत लाभ हुआ है वही अपराधी किस्म के लोग इसमें सेंध लगाकर साइबर क्राइम कर आम आदमी के साथ रोज नित नए तरीके अपनाकर फ्रॉड कर रहे हैं, इन्हें रोकने के लिए हम सबको मिलकर सांझे प्रयास करने होंगे।

## गांव के वालिया में परिवार को माता ने स्वप्न में दर्शन दिए थे

# 25 गांव की कुलदेवी है फतेहपुर में माता मनसा देवी, मंदिर का इतिहास है 312 वर्ष पुराना

*माता के मंदिर में भक्तों की पूरी होती हैं मनोकामनाएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

जिले के फतेहपुर गांव में स्थित माता मनसा देवी मंदिर भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यह मंदिर करीब 312 वर्ष पुराना है और इसकी स्थापना एक दिव्य स्वप्न के माध्यम से हुई थी। कहा जाता है कि गांव के वालिया परिवार को माता ने स्वप्न में दर्शन दिए और उन्हें माता मनसा देवी व माता बाला सुंदरी की पिंडी को गांव में लाने का आदेश दिया। इसके बाद गांव मोहना से इन पिंडियों को विधिपूर्वक फतेहपुर लाया गया और तभी से इस मंदिर की महिमा शुरू हुई। मंदिर के पुजारी पंडित देवेंद्र शर्मा ने बताया कि माता मनसा देवी मंदिर 25 गांवों की कुलदेवी के रूप में प्रसिद्ध है। दिल्ली, मुंबई, हरियाणा और पंजाब समेत कई राज्यों से श्रद्धालु यहां माता के दर्शन करने आते हैं। भक्त अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की आशा से माता के चरणों में माथा टेकते हैं और कच्चे नारियल की भेंट चढ़ाते हैं। मान्यता है कि माता मनसा देवी भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी करती हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करती हैं। पंडित देवेंद्र शर्मा के अनुसार मंदिर में विशेष रूप से नवरात्रि, दशहरा और अन्य त्योहारों पर भव्य आयोजन किए जाते हैं। इन अवसरों पर मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन होता है और श्रद्धालु माता का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए दूर-दूर से आते हैं।


जानकारी देते हुए पंडित देवेंद्र शर्मा।

### माता मंदिर का ऐतिहासिक महत्व

मंदिर की प्राचीनता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां स्थित बरगद का पेड़ मंदिर से भी पुराना है। यह बरगद का वृक्ष भी भक्तों की आस्था का केंद्र है और इसके नीचे बैठकर श्रद्धालु ध्यान व पूजा करते हैं। मंदिर में हर साल हजारों श्रद्धालु आते हैं और माता से अपनी इच्छाओं की पूर्ति की प्रार्थना करते हैं। लोग परिवार की सुख-शांति, वंश वृद्धि, व्यापार में सफलता और अन्य के लिए माता के दरबार में अरदास लगाते हैं। भक्तों का कहना है कि जो भी सच्चे मन से माता के चरणों में प्रार्थना करता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है।

### महर्षि वाल्मीकि मंदिर की मूर्तियां खंडित की

**कलायत**। कलायत के गांव कैलरम स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर परिसर में स्थापित भगवान शिव ड्रूषलग और नंदी महाराज के स्वरूप को बिगाड़ने के लिए तोडफोड़ करने पर हंगामा खड़ा हो गया। बृहस्पतिवार सुबह जैसे ही ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी मिली तो बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई। तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौका स्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी जय भगवान ने पुलिस टीम के साथ-साथ बारीकी से मौका मुआयना किया। राकेश सरोया, विकास कुमार, मुकेश कागड़ा, सतीश कुमार, सुरेश पुहाल और दूसरे युवाओं ने बताया कि पहले भी इसी प्रकार से तोडफोड़ करते हुए धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई।

## खबर संक्षेप



एसपी से भेंट करते हुए कार्यकारिणी के सदस्य।

### बार एसो. कार्यकारिणी ने एसपी से की मुलाकात

**कैथल।** जिला बार एसोसिएशन की नव नियुक्त कार्यकारिणी ने आज एसपी राजेश कालिया से उनके दफ्तर में औपचारिक भेंट की। कार्यकारिणी की ओर से प्रधान संदीप शर्मा, उप प्रधान हेमराज वाधवा, सचिव सचिन सिंघल, सह सचिव अमित रोहिला और कोषाध्यक्ष योगेश भाटिया ने उन्हें पुष्प भेंट कर उनका सम्मान किया। मुलाकात के दौरान संदीप शर्मा ने एसपी से कहा कि वे पुलिस विभाग के साथ बेहतर तालमेल बनाकर रखेंगे तथा सहयोग के साथ चलेंगे। सभी वकील पुलिस के साथ पहले की तरह मित्रता बनाए रखेंगे। इसी पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें आश्वासन दिया कि पुलिस भी कार्यकारिणी के साथ-साथ सभी वकीलों के साथ बेहतर तालमेल और सामजस्य बनाकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि वकील और पुलिस का चोली दामन का साथ है। दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं। हमें एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। संदीप शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को जिला बार एसोसिएशन में आने का न्यौता भी दिया।

### डिप्टी स्पीकर ने निष्पक्ष जांच के लिए सीएस को लिखा था पत्र

# जींद में विजिलेंस करेगी बंदर पकड़ने के मामले की जांच

**खास बातें**

- एडीजीपी ने संज्ञान लेते हुए जांच के दिए आदेश
- भ्रष्टाचार करने वाले को किसी भी सूरत में बख्शा नही जाएगा : डॉ. कृष्ण कुमार मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद नगर परिषद क्षेत्र में बंदर पकडऩे के मामले की जांच विजिलेंस द्वारा की जाएगी। इसे लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो के एडीजीपी ने आदेश जारी कर दिए हैं। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने बंदर पकडऩे के मामले की जांच को लेकर चीफ सेक्रेटर को को पत्र लिखा था। जिस पर कार्रवाई शुरू हो गई है। आरोप लगे थे कि बंदर पकडऩे के मामले में घोटाला किया गया है। क्योंकि अगर इतनी संख्या में बंदरों को पकड़ा गया है तो शहर में बंदरों का आतंक क्यों है। नगर परिषद ने बंदरों को पकडऩे के लिए कंपनी को ठेका दिया था, उस कंपनी को प्रति बंदर 1700 रुपये का भुगतान नगर परिषद द्वारा किया गया था। इस हिसाब से एक करोड़ से ज्यादा के बंदर नगर परिषद द्वारा पकड़वा गए थे लेकिन हैरानी की बात थी कि छह हजार बंदर पकड़े जाने के बाद भी शहर के लोगों को बंदरों से निजात नही मिली थी। लोगों का कहना था कि यदि शहर में छह हजार बंदर पकड़े गए हैं तो बंदरों की तादाद कम होनी चाहिए थी लेकिन बंदरों की तादाद लगातार बढ़ रही है और मामले की जांच करवाई जानी चाहिए।



जींद। घूम रहा बंदरों का झुंड। फोटो :हरिभूमि

**डिप्टी स्पीकर ने लिया था मामले का संज्ञान**

गौरतलब है कि जींद शहर में नगर परिषद द्वारा छह हजार बंदर पकड़वाने के दावे किए गए थे लेकिन छह हजार बंदर पकडऩे के बाद भी लोगों को राहत नहीं मिली थी। शहर में बंदरों के झुंड लगातार घूम रहे थे और आए दिन लोगों को काट भी रहे थे। जिस पर शहर के लोगों द्वारा मामला डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के संज्ञान में लाया गया था। लोगों का कहना था कि बंदर पकडऩे के मामले में घोटाला किया गया है।

**बंदर पकडऩे की जांच होगी जांच**

शहर के लोगों की समस्या को देखते हुए हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने चीफ सेक्रेटरी को पत्र लिखा था। जिस पर कड़ा संज्ञान लिया गया। अब एंटी करप्शन ब्यूरो के एडीजीपी ने मामले की जांच करवाने के आदेश जारी किए हैं। एडीजपी ने बंदर पकडऩे के मामले की जांच स्टेट विजिलेंस को सौंप दी है। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि यदि बंदर पकडऩे के मामले में घोटाला किया गया है तो वो विजिलेंस की जांच में सामने आ जाएगा। भ्रष्टाचार करने वाले को किसी भी सूरत में बख्शा नही जाएगा। भाजपा सरकार द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन दिए जाने का काम किया जा रहा है।

# गांव नरड़ के पास अवैध कालोनी व फार्म हाउस पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला नगर योजनाकार कार्यालय ने जिला प्रशासन के सहयोग से कैथल के अधीन शहरी क्षेत्र कैथल की विभिन्न राजस्व संपदाओं में विकसित हो रही अवैध कालोनियों में बने अवैध निमार्णों पर जेसीबी चलाकर हटाया गया। इस दौरान डीटीपी राज कीर्ति बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहीं। उन्होंने बताया कि डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध कॉलोनी को हटाने के लिए जेसीबी मशीन सहित मौके पर पहुंचा। सबसे पहले सांपन खेड़ी कालोनी में विकसित हो रही अवैध कालोनी को हटाने के लिए पहुंचा, जहां जेसीबी मशीनों की सहायता से चारदीवारी, सीवरेज तथा एक दुकान को भी तोड़ा गया। नरड़ गांव में विकसित हो रही एक अवैध फार्म हाउस कालोनी को हटाने के लिए डीटीपी कार्यालय का अमला पहुंचा, जिसमें चार दिवारी तथा सड़कों को तोड़ा गया। पट्टी चौधरी में विकसित हो रही एक अवैध कालोनी में तोड़फोड की कार्रवाई की गई। डीटीपी राज कीर्ति ने बताया कि इन सभी अवैध कालोनियों को भू स्वामियों और प्रॉपर्टी डीलरों को नोटिस भी जारी किए गए।



अवैध कालोनी को हटाती जेसीबी

*समीक्षा बैठक में डीसी ने दिए जांच के आदेश*

## बस क्यू शेल्टर निर्माण में अनियमितता डीसी ने जांच के लिए बनाई कमेटी

- जिला में बनाए गए बस क्यू शेल्टर की जांच के लिए एसडीएम को बनाया जांच अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला परिषद द्वारा गांवों में स्थापित किए गए बस क्यू शेल्टर की गुणवत्ता पूर्वक निर्माण की जांच के लिए उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान की अध्यक्षता में जांच कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में जिला परिषद के सीईओ अनिल कुमार दून तथा रोडवेज के महाप्रबंधक राहुल जैन को बतौर सदस्य नियुक्त किया गया है। उपायुक्त ने कमेटी को बस क्यू शेल्टर की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए है। उपायुक्त ने जांच कमेटी को निर्देश दिए कि जिला के लगभग सभी गांवों में जिला परिषद द्वारा बस क्यू शेल्टर स्थापित किए गए हैं। सभी शेल्टर के निर्माण में अनियमितता बरतने की शिकायत मिली थीए जिसकी पूरी पारदर्शिता के साथ जांच करने के लिए एसडीएम जींद को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया हैए उपायुक्त ने कमेटी को निर्देश दिए कि जांच के दौरान पूरी पारदर्शिता बरती जाए और पूरे तथ्यों के साथ जांच की रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत की जाए। उल्लेखनीय है कि गत दो जनवरी को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में हरियाणा विधानसभा के उप सभापति डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा की अध्यक्षता में जींद विधानसभा में करवाए गए विकास कार्यो को लेकर समीक्षा बैठक की गई थी।



### सीआरएसयू में बास्केटबॉल इंटरामुरल प्रतियोगिता

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एक दिवसीय बास्केटबॉल इंटरामुरल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के द्वारा आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगिता की सभी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी व आयोजन बीपीएड फोर्थ सेमेस्टर एवं एमपीएड द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें चार टीमें लड़कों की व चार टीमें लड़कियों की थी। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ डा. जितेंद्र कोऑर्डिनेटर एनएसएस व डा. नरेश देशवाल खेल निदेशक चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा विधिवत रूप से किया गया। पुरुष वर्ग में पहला स्थान बीपीएड सेकंड सेमेस्टर का रहा व दूसरा स्थान में बीपीएड सेकंड सेमेस्टर का रहा। इसी तरह महिला वर्ग में पहला स्थान एमपीएड सेकंड सेमेस्टर में अर्जित किया व दूसरे स्थान पर बीपीएड फस्ट सेमेस्टर रही।

# दीक्षा प्लेटफार्म पर शिक्षकों को देंगे ऑनलाइन प्रशिक्षण

### निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत दिया जाएगा प्रशिक्षण

- स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने भेजे अधिकारियों को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत दीक्षा प्लेटफा र्म पर शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण प्राथमिक शिक्षकों को पांच अप्रैल तक पूरा करना होगा। इसके लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, खंड शिक्षा अधिकारी और खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया है। जारी किए गए पत्र के अनुसार विभाग की ओर से प्राथमिक कक्षाओं में बुनियादी शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों के लिए दीक्षा प्लेटफॉर्म पर दो ऑनलाइन कोर्स करवाए जा रहे हैं। जिसमें अंदाजा लगाना एक महत्वपूर्ण कौशल और पढने-लिखने के शुरुआती व्यवहार बारे प्रशिक्षण दिया जाना है। ई लर्निंग को बढ़ावा देने को दीक्षा एप पर शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विभाग का तर्क है कि दीक्षा एप ऑनलाइन शिक्षा को लेकर सिर्फ विद्यार्थियों के लिए ही नही बल्कि शिक्षकों के लिए भी काफी मददगार होगा। जिले में 424 प्राइमरी स्कूल हैं। जिसमें 1796 शिक्षक हैं और लगभग 39 हजार विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। शिक्षकों को एप पर विषयवार पाठ्य सामग्री अपलोड की गई है। एफएलएन के तहत राजकीय स्कूलों में निपुण रामलीला व रफ्तार जैसे कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं। एक ओर शिक्षा कक्ष जहां प्रिंट रिच हो रहे हैं। वहीं खेल-खेल में गतिविधि आधारित शिक्षण से विद्यार्थियों को निपुण बनाया जा रहा है। इसमें पिछले कुछ समय से अध्यापक प्रशिक्षणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे में यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने में कारगर साबित होगा।

**ई लर्निंग को दिया जा रहा बढ़ावा: वशिष्ठ**



एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर राजेश वशिष्ठ ने बताया कि शिक्षा निदेशालय की ओर से ई-लर्निंग को बढ़ावा देने पर लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके लिए दीक्षा पोर्टल पर शिक्षकों और विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। दीक्षा पोर्टल पर बेहतर और अधिक कंटेंट के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिक्षकों को बताया जा रहा है कि वह कैसे ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली को बेहतर बना सकते हैं। एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर राजेश



### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम

**जींद।** उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की एनएसएस की स्वयं सेविकाएं और अन्य छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गांव गुरुसर में सरपंच गीतांजलि द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया और महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर बधाई दी। महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया और बताया कि महिलाओं की समाज में अहम भूमिका है। महाविद्यालय की छात्राओं ने नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया तथा महिलाओं के साथ हो रहे भेदभाव के बारे में लोगों को जागरूक किया। छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया तथा उनके माध्यम से महत्वपूर्ण संदेश दिया। एन एस एस स्वयंसेविकाओं और अन्य छात्राओं ने इस अवसर पर महिलाओं से घर.घर जाकर महिला अधिकारों के बारे में जानकारी दी तथा उन्हें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में जागरूक किया।

*प्रशासन से की पेड़ को जल्द हटाने की मांग*

## पूंडरी मार्ग पर सड़क की तरफ झुका पेड़ हादसों को दे रहा है निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव सेरधा के पास पूंडरी राजौंद मार्ग पर सड़क की तरफ झुका हुआ पेड़ किसी हादसे को अंजाम दे सकता है। पिछले लंबे समय से यह पेड़ इसी तरह झुका हुआ है जो हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। लेकिन संबंधित विभाग इस और कोई कदम नहीं उठा रहा। लोगों ने बताया कि यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। सर्दी के मौसम में तो यहां धूध के कारण की बार हादसा होते होते टला था।अब भी इस पेड़ के कारण कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इससे पहले ही संबंधित विभाग को कोई कदम उठाना चाहिए ताकि पेड़ के कारण कोई हादसे का शिकार न हो। लोगों ने बताया कि यह समस्या पिछले लंबे समय से है। पेड़ इसी तरह सड़क की ओर झुका हुआ है जिस कारण अंजान वाहन चालक इसका शिकार भी हो चुके हैं। लेकिन प्रशासन व संबंधित विभाग इस और कोई कदम नहीं उठा रहा। मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को इस झुके हुए पेड़ का हर समय अंदेशा बना रहता है लोगों ने संबंधित विभाग से मांग कि है की शीघ्र पेड़ को या तो हटाया जाए या अन्य कोई व्यवस्था की जाए।



राजौंद। पूंडरी मार्ग पर गांव सेरधा के पास झुका हुआ पेड़।



### फतेहपुर में विशाल फाल्गुन महोत्सव 8 को आज निकाली जाएगी भव्य निशान यात्रा

**पूंडरी।** जय श्री श्याम परिवार ट्रस्ट रजि. द्वारा श्री खाटू श्याम वंदना 5वां विशाल फाल्गुन महोत्सव एवं अमृतय भंडारा का आयोजन 8 मार्च को माता मनसा देवी मंदिर फतेहपुर में किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड से प्रसिद्ध भजन गायिका श्वेता अग्रवाल अपनी मधुर आवाज में भजन प्रस्तुत करेंगी। मंच संचालक जोगिंद्र जोगी अपनी मधुर आवाज में भजन सुनाएंगे। हैप्पी म्यूजिकल ग्रुप टोहाना और गुणगानकत्ता मोनू ढुआ चंडीगढ़ भी अपनी प्रस्तुति देंगे। ट्रस्ट के प्रधान पारस वालिया ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सांय 7 बजे से होगी। उन्होंने बताया कि 7 मार्च को भव्य निशान यात्रा का आयोजन होगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारी सुरेंद्र पाल गर्ग, रामेश्वर पंडित, गौरव गुप्ता, नवीन वालिया, अंकुश गर्ग, रविंद्र डोलिया व राजेश शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए एक अद्भुत अनुभव होगा।

*गोपाल विद्या मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन*

## समर्पण भाव से कार्य करने पर ही आनन्दमय होता है जीवनह : अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में विद्या भारती उत्तर क्षेत्र उपाध्यक्ष सुरेन्द्र अत्री, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, प्रांत संस्कार केंद्र प्रमुख महावीर गर्ग, पूर्व प्रबंध समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी, पूर्व शिक्षक व विद्यार्थी, विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कौशिक द्वारा मां सरस्वती की वंदना करने के बाद उपस्थित अतिथिजनों का परम्परागत परिचय करवाया गया। सुरेंद्र ने समर्पण भाव की विशद् व्याख्या करते हुए समर्पण के कार्यक्रम का महत्व स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि जब हम समाज और देशहित में समर्पित होकर काम करते हैं तो हमारा लक्ष्य शीघ्रताशीघ्र प्राप्त हो जाता है। विद्या भारती का स्वरूप बतलाते हुए अत्री ने कहा कि समर्पण का लक्ष्य किसी भी प्रकार से देशहित में अपना योगदान देना होता है। समर्पण भाव से कार्य करने से जीवन आनन्दमय हो जाता है।

प्रधानाचार्य द्वारा भी विद्यालय के छात्र व शिक्षक विद्यार्थियों के द्वारा किए गए समर्पण की जानकारी सभी के साथ सांझा की गई। आज की इस विशेष गोष्ठी में पूर्व प्रबंध समिति के पदाधिकारियों, शिक्षक व छात्रों द्वारा अपनी तरफ से समर्पण किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा शिक्षा व समाज से जुड़े व्यक्तियों का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया तथा सफल आयोजन के लिए स्टाफ को बधाई दी।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि।

*विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना उद्देश्य*

## इंस्पायर मानक योजना के लिए 20 विद्यार्थियों के आइडिया का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- चयनित विद्यार्थियों को अपने मॉडल बनाने पर मिलेंगे 10-10 हजार रुपये

जिले के 20 विद्यार्थियों के आइडिया का चयन इंस्पायर मानक योजना के लिए किया गया है। इन चयनित विद्यार्थियों को अपने मॉडल बनाने के लिए सरकार की ओर से दस-दस हजार रुपये दिए जाएंगे। मॉडल तैयार होने के बाद इनमें से राज्य स्तर के लिए मॉडल का चयन कि या जाएगा। राज्य स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों के मॉडल राष्ट्रपति भवन में प्रदर्शित होंगे। वहां से चयनित विद्यार्थियों को जापान भेजा जाएगा। इंस्पायर अवॉर्ड मानक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य मेधावी छात्रों में विज्ञान की पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करना व वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए आकर्षित करना है। इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत कक्षा छठी से दसवीं तक के मेधावी छात्र जिनके आइडिया चयनित होते हैं। उन्हें 10 हजार रुपये की अवॉर्ड राशि प्रदान की जाती है। जिसका उपयोग छात्रों की ओर से विज्ञान का एक प्रोजेक्ट या मॉडल बनाने पर किया जाएगा।

**विद्यार्थियों के आइडिया का किया गया चयनः लोहान**

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहान ने बताया कि इंस्पायर मानक योजना के अंतर्गत 20 विद्यार्थियों के आइडिया का चयन किया गया है। विद्यार्थियों को मॉडल बनाने के लिए 10.10 हजार रुपये दिए जाएंगे। मॉडल बनाने के बाद पहले राज्य स्तर फि र राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किए जाएंगे।

### महिला कॉलेज में 38वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

*कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. अमिता ने किया ध्वजारोहण*

## दीपिका ने सोलो डान्स हरियाणवीं में दी अपनी प्रस्तुति छात्राओं का मार्च पास्ट, गुब्बारे उड़ाए व जलाई मशाल

*प्रतियोगिता में कई तरह की प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़ चढकर भाग लिया। कार्यक्रम में 100 व 200 मीटर, चाटी बोरी, 3 टॉंग तथा बाधा दौड़, गोला फैंक व लंबी छलांग तथा रस्साकशी प्रतियोगिताओं का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी में 5 व 6 मार्च को 38वीं वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। 2 दिवसीय इस कार्यक्रम में 5 मार्च को कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. अमिता ने ध्वजारोहण कर औपचारिक रूप से इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने मार्च पास्ट किया, गुब्बारे उड़ाए व मशाल जलाकर शपथ ली। प्रतियोगिता में कई तरह की स्पर्धाओं में छात्राओं ने बढ़ चढकर भाग लिया। कार्यक्रम में 100 व 200 मीटर, चाटी बोरी, 3 टॉंग तथा बाधा दौड़, गोला फैंक व लंबी छलांग तथा रस्साकशी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। 6 मार्च को कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के प्रधान चौ. तेजवीर सिंह ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका के पूर्व वाईस चेयरमैन स. कुलविंद्र सिंह, जगदीश क्वात्रा, भगवानदास पाई, जोगिंद्र गोलन, सतपाल मलिक, सतबीर सिंह मुंदरी, चंदगीराम, राजपाल पूंडरी भी उपस्थित रहे। प्राचार्या ने मुख्य अतिथि चौ. तेजवीर सिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर आभार प्रकट किया। इसके पश्चात प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चौ. तेजवीर सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए सभी शैक्षिक और गैर शिक्षक कर्मचारियों व छात्राओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की। मुख्य अतिथि के समक्ष 100 व 200 मीटर दौड़ और रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चौ. तेजवीर सिंह ने अपने वक्तव्य में संस्थापक चौ. ईश्वर सिंह को याद करते हुए कहा कि नारी शिक्षा का जो बीड़ा उन्होंने उठाया था उसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वर्तमान प्रबंधन समिति व इलाके के लोग अभी भी कटिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष महाविद्यालय में पार्किंग बनाईगई, सोलर सिस्टम लगाया, सेमिनार हॉल में नई कुर्सियां व पुस्तकालय में नई पुस्तकें लाई गई। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया व दीपिका ने सोलो डान्स हरियाणवी में अपनी प्रस्तुति दी। इसके पश्चात छात्राओं को खेलकूद, सांस्कृतिक व अकादमिक क्षेत्रों में उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। खेलकूद प्रतियोगिता में बेस्ट एथलीट कुमारी मनप्रीत बी.कॉम फाइनल की छात्रा रही। ध्वजावरोहण तथा राष्ट्रीय गान के साथ वार्षिक खेलकूद व पुरस्कार वितरण समारोह का औपचारिक समापन हुआ। चौ. तेजवीर सिंह ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. प्रेमलता, प्राचार्या डॉ. अमिता, पिंकी और सभी स्टाफ सदस्यों व छात्राओं की प्रशंसा की तथा उनको बधाई दी। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. निधि, डॉ. सोनिया दहिया और सोनिया ने किया तथा पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ. गीता जायसवाल, डॉ. वंदना, किरनजोत व कुमारी मोनिका ने अपना योगदान दिया।



पूंडरी। प्रतियोगिता के दौरान अव्वल छात्राओं के साथ प्रधान चौ. तेजवीर सिंह एवं स्टाफ सदस्य।

### नकल रहित हुई फाइन आर्ट विषय की परीक्षा

**जींद।** वीरवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की फाइन आर्ट विषय की परीक्षा हुई जो नकल रहित रही। फाइन आर्ट विषय की परीक्षा में विद्यार्थियों की संख्या कम रही। किसी सेंटर में एक तो किसी में तीन-चार विद्यार्थियों का पेपर था। हालांकि पुलिस अन्य परीक्षा की तरह मुस्तैद रही। दोपहर साढ़े 12 बजे परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा केंद्रों के बाहर शरारती तत्वों पर नजर बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। नकल के मामलों को रोकने के लिए उडऩस्ता टीम की संख्या नौ से बढ़ा कर 20 कर दी गई है। जिले में करीब साढ़े 36 हजार विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। 10वीं कक्षा के 21 हजार, 12वीं कक्षा के साढ़े 15 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हैं। 10वीं की परीक्षाएं 19 मार्च और 12वीं की परीक्षाएं 29 मार्च तक होगी। जिले में 86 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें से जींद ब्लॉक में 39, नरवाना ब्लॉक में 15, उचाना ब्लॉक में 17 और सफीदों ब्लॉक में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।